HNS121

Total Marks: 60

प्रश्न 1: निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं 2 प्रश्नों का 750–800 शब्दों में उत्तर लिखिए। 10x2=20

1. 'बॉस की पार्टी' कहानी के पात्र देवेश कुमार के कौन–कौन से संघर्ष दिखाए गए हैं?
2. 'पच्चीस चौका डेढ़ सौ' कहानी में अज्ञानता और शोषण को किस प्रकार दिखाया गया है?
3. 'पहाड़' कहानी का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।

प्रश्न 2: निम्नलिखित उद्धरणों में से किन्हीं 2 की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए। 09x2=18

4. ''आप प्रेम की कविता लिखना चाहते हैं, तो प्रेम कीजिए। करते हैं? अभी नहीं? कोई बात नहीं, हम उस प्रेम की बात कर भी नहीं रहे। हम उस प्रेम की बात कर रहे हैं, जो खुद से किया जाता है; जो हमें अपनी खुदी से मिलाता है और बेखुदी तक ले जाता है। खुदी के बारे में इकबाल का शेर आपने सुना होगा – 'खुदी को कर बुलंद इतना कि हर तकदीर से पहले, खुदा बंदे से खुद पूछे, बता तेरी रजा क्या है।'

5. धर्म ने धन को पैरो तले कुचल डाला। अलोपीदीन ने एक हृष्ट–पुष्ट मनुष्य को हथकड़ियाँ लिए हुए अपनी तरफ आते देखा। चारों ओर निराशा और कातर दृष्टि से देखने लगे। इसके बाद मूर्छित होकर गिर पड़े।
दुनिया सोती थी पर दुनिया की जीभ जागती थी। सवेरे देखिए तो बालक–वृद्ध सब के मुँह से यही बात सुनाई देती थी। जिसे देखिए वह पंडित जी के इस व्यवहार पर टीका–टिप्पणी कर रहा था, निंदा की बौछारें हो रही थीं, मानो संसार से अब पापी का पाप कट गया है।

6. "आपने दर्शन कर लिए हैं न... आगे बढ़ो, और भी बहुत श्रद्धालु खड़े हैं दर्शनों के लिए।" उसने बहुत ही रूखी आवाज़ में कहा और हाथ से मुझे आगे बढ़ने का इशारा किया। उसकी बात का लहज़ा सुनकर तो मेरे कान ही सुन्न हो गए। साधु संत तो विनम्रता का संदेश व भाईचारे का उपदेश देते हैं... उनकी वाणी से तो रस टपकता है... मगर यह साध्वी जो स्वयं मेरी छात्रा रही है मेरा ही अपमान कर रही थी।

प्रश्न 3: निम्नलिखित में से किसी 1 विषय पर 450–500 टिप्पणी लिखिए। 6x1=6

7. 'खेल' कहानी के मनोहर का चरित्र–चित्रण कीजिए।
8. 'पिता' कहानी में पिता के किन–किन गुणों को दिखाया गया है?

प्रश्न 4: निम्नलिखित किन्हीं 8 प्रश्नों के 80–100 शब्दों में उत्तर लिखिए। 2x8=16

9. प्रयोजनमूलक हिंदी की दो विशेषताएँ लिखिए।

10. विधि के क्षेत्र से संबंधित दो शब्द अंग्रेज़ी और हिंदी में लिखिए।

11. कार्यालयीन हिंदी का क्या स्वरूप है?

12. जनसंचार के क्षेत्र में हिंदी का कौन–सा रूप प्रयोग किया जाता है?

13. राष्ट्रभाषा किसे कहा जात है?

14. राजभाषा किसे कहा जाता है?

15. भारतीय संविधान की अष्टम अनुसूची (8th schedule) में कितनी भाषाएँ हैं?

16. हिंदी राजभाषा वाले किन्हीं दो राज्यों के नाम लिखिए।

17. वाणिज्य क्षेत्र से संबंधित किन्हीं दो शब्दों के अंग्रेज़ी शब्द लिखकर उनके हिंदी रूप लिखिए।

18. आपके राज्य का नाम और उसकी राजभाषा लिखिए।